No. of Printed Pages : **6**

# 4706

Register Number | | | | | | |

# Language — Part I — HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

### भाग - I/PART - I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए। **14x1=14**

Choose the correct answer.

**1.** तुलसीदास के गुरु __________ हैं।

(अ) बाबा नरहरिदास (आ) रामानंद **(इ) कृष्णदास** (ई) आत्मराम दुबे

**2.** उमा की परीक्षा __________ **ने ली।**

(अ) रामस्वरूप (आ) गोपालप्रसाद (इ) प्रेमा (ई) शंकर

**3.** रमजान के पूरे __________ रोजों के बाद ईद आयी।

(अ) बीस (आ) पच्चीस (इ) चालीस (ई) तीस

**4.** टालस्टाय फ़ार्म __________ में है।

(अ) जापान (आ) अमेरिका (इ) श्रीलंका (ई) दक्षिण अफ्रीका

**5.** __________ कला में बढ़ई, लुहार, सुनार, कुम्हार, राज, जुलाहे आदि के व्यवसाय सम्मिलित हैं।

(अ) संगीत (आ) उपयोगी (इ) नाटक (ई) ललित

**6.** जिस देश का राज्य उसी देश की जनता के द्वारा चलता है, उसे __________ राज्य कहते हैं।

(अ) गणतंत्र (आ) स्वतंत्र (इ) स्वातंत्र (ई) परतंत्र

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

7. चम्पा ने __________ नायक के हाथ में दे दिया।
(अ) बंदूक (आ) कृपाण (इ) गोली (ई) दीप

8. हामिद ने एक __________ खरीदा।
(अ) चिमटा (आ) खिलौना (इ) आम (ई) मिठाई

9. __________ श्रीमती सत्यवती मल्लिक की रचना है।
(अ) निर्मला (आ) कामायनी (इ) भारत दुर्दशा (ई) दो फूल

10. मड़पुरा गाँव में एक गरीब __________ रहता था।
(अ) कसाई (आ) दर्जी (इ) बढ़ई (ई) ठाकुर

11. ई-मेल से पैसे और __________ की बचत होती है।
(अ) कागज़ (आ) समय (इ) कलम (ई) रुपए

12. विसर्ग के बाद स्वर या व्यंजन के आने पर विसर्ग में जो विकार होता है उसे __________ संधि कहते हैं।
(अ) यण (आ) व्यंजन (इ) गुण (ई) विसर्ग

13. मन: + हर की संधि है :
(अ) मनोहर (आ) मनचर (इ) मनसर (ई) मनाहर

14. शब्द __________ प्रकार के होते हैं।
(अ) पाँच (आ) दो (इ) आठ (ई) तीन

## भाग - II/PART - II

### SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x2=6**
Answer **any three** of the following.

15. कड़ुवी बोली किसके समान है?

16. 'भय' का मनोविकार किसे कहते हैं?

17. हमारे देश में जनता की सरकार कब क़ायम हुई?

18. बुद्धगुप्त ने युद्ध में किसको हराया?

https://www.tamilnaduboard.com

## SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x2=4**
Answer **any two** of the following.

**19.** कवि ने किसे सहर्ष स्वीकारा है ?

**20.** आश्रम में कौन-कौन रहने के लिए आनेवाले थे ?

**21.** वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
(अ) प्रसन्न होना
(आ) क़ायम करना

## SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **7x2=14**
Answer **any seven** of the following.

**22.** सूचना के अनुसार बदलिए।
मैं मेरा घर गया। ('अपना' का प्रयोग कीजिए)

**23.** शुद्ध कीजिए।
ज़मीन में कुर्सी है।

**24.** संधि विच्छेद कीजिए।
(अ) देवालय
(आ) स्वागत

**25.** रेखांकित का पद परिचय दीजिए।
शाबाश ! रवि आगे बढ़ो।

**26.** व्यंजन संधि किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए।

**27.** विसर्ग संधि किसे कहते हैं ? उदाहरण दें।

**28.** ईदगाह कहानी के रचयिता कौन हैं ?

**29.** निर्मला क्यों बेचैन हो रही थी ?

**30.** लोग डर के कारण ठाकुर को कैसे बुलाते थे ?

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

## भाग - III/PART - III

### SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

**31.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

करत-करत अभ्यास ते, जड़मति होत सुजान।
रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निसान।।

**32.** स्वतंत्रता के अधिकार का महत्व समझाइए।

**33.** ठाकुर ने रज्जब से क्या-क्या कहा?

**34.** पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(अ) Budget

(आ) Secretary

(इ) Television

(ई) Permission

### SECTION - 2

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

**35.** निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए।

एक दिन जयपुर के महाराज रामसिंह कुछ लोगों के साथ शिकार के लिए जंगल में गए थे। बहुत खोजने पर एक शिकार दीख पड़ा। महाराज ने देखते ही उसके पीछे अपना घोड़ा दौड़ा दिया। उसका पीछा करते-करते वे बहुत दूर निकल गए। उनके साथी भटककर दूसरी तरफ चले गए। महाराज भूख-प्यास और थकावट के मारे परेशान हो रहे थे। वे सारे दुख झेलकर अंधेरा होते होते एक छोटी सी झोंपडी के पास पहुँचे।

https://www.tamilnaduboard.com

**36.** आकाश–दीप कहानी का कथासार लिखिए।

**37.** ईद के दिन लोग क्या करते हैं ?

**38.** संधि कीजिए।

(अ) रमा + ईश

(आ) विद्या + आलय

(इ) नमः + ते

(ई) भो + अन

## SECTION - 3

**किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x4=12**

Answer **any three** of the following.

**39.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

''मैं उनको यहाँ आने से रोक नहीं सकता।''

**40.** संधि किसे कहते हैं? उसके कितने भेद हैं?

**41.** सही मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| तुलसीदास | हिमालय |
| महादेवी वर्मा | कामायनी |
| बाबू श्यामसुंदर दास | हनुमान नाटक |
| जयशंकर प्रसाद | कला का विवेचन |

**42.** हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

The famous saint Tukaram has said, "My wealth is not so small as could be kept in a box or house. It is therefore kept in all houses. My wealth and my food grains are spread over the entire world. Hence there was no fear of theft in Tukaram's house".

**43.** हिन्दी अध्यापक पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

(किसी विद्यालय के नाम)

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

## भाग - IV/PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। **3x6=18**

Answer the following in detail.

**44.** (अ) टालस्टाय फार्म की बनावट कैसी थी?

**अथवा**

(आ) 'खेलों का महत्व' पर एक अनुच्छेद लिखिए।

**45.** (अ) तुलसीदासजी भगवान गणपति का वर्णन कैसे करते हैं?

**अथवा**

(आ) 'शरणागत' कहानी का सारांश लिखिए।

**46.** (अ) गोधूली वेला में कृष्ण के रूप-रंग का कवि कैसे वर्णन करता है?

**अथवा**

(आ) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य क्या है?

## भाग - V/PART - V

कंठस्थ भाग : (अनिवार्य प्रश्न) **1x6=6**

Quote from memory. (compulsory)

**47.** कवि बिहारी के कोई तीन दोहे पाठ्यक्रमानुसार लिखिए।

- o O o -

https://www.tamilnaduboard.com